महत्वपूर्ण एवं खास

कुनकुनी के पास बोरवेल पलटी, 1 की मौत, 3 मजदूर घायल

रायगढ़। खरसिया क्षेत्र के कुनकुनी के पास आज निर्माणाधीन मार्ग पर एक बोरवेल के पलट गई जिसमें दबने से एक मजदूर की मौत हो गई है वहीं 3 अन्य मजदूर घायल हो गये जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सुबह लगभग 10.30 से 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। उक्त रोड निर्माण के कछुए चाल से अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। जगह ङ्क जगह गढ्ढे, आधा अधूरे सड़क, धूल उड़ाते वाहन के चलते 2 पहिया वाहन चालकों को अपनी जान जोखिम में डालकर इस रोड से गुजरना पड़ता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाय। अभी मृतक व घायलों के नाम की जानकारी नहीं मिल पायी है।

ससुराल जा रहा व्यक्ति सड़क दुघर्टना में चोटिल

रायगढ़। डभरा थाना क्षेत्र ग्राम कलमाझर से ससुराल जा रहा व्यक्ति की मोटरसाइकिल हो गई दुघर्टना ग्रस्त। रात्रि लगभग 9 बजे के आसपास मोटरसाइकिल तेज अनियंत्रित रफ्तार से वाहन का चालन कर फर्राटे भर रहा था,इस बीच कोतरारोड थाना क्षेत्र ग्राम बोकरामुड़ा के पास उसकी मोटरसाइकिल दुघर्टना का शिकार हो गई। सड़क दुघर्टना में रोड किनारे चोटिल व्यक्ति के पड़े होने की सूचना पर कोतरारोड राइनो शुभम तिवारी व उनकी टीम ने मौके पर पहुचकर घायल संजय सिदार पिता घुरूवा सिदार उम्र 23 वर्ष को मेकाहारा अस्पताल इलाज के लिए भर्ती किया है।

नये शनिदेव मन्दिर के पास ट्रेक्टर पलटा

रायगढ़। रायगढ़ शहर के जगदम्बा आश्रम स्थिति श्री शनिदेव मन्दिर के पास से जो नया मार्ग बना हुआ है मरीन ड्राइव के लिए उसके मोड़ पर अभी संध्या7 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई थी।इसका कारण मोड़ पर बना हुआ टेपर है जो कि इतना ऊंचा है कि कोई भी चार पहिया वाहन चालक को समझ नहीं आता है कि आगे कितने दूर से मोड़ना है।मैने इस विषय में पर आज से 8माह पूर्व भी नगर निगम और रेलवे का ध्यान आकर्षित किया था लेकिन किसी ने भी सुध नहीं ली।

माँ बेटी पर चाकू से जानलेवा हमला

दर्दनाक हादसे में मां की मौत, बेटी हॉस्पिटल में दाखिल, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र आज दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसमे गांव के ही राजा चावले नामक व्यक्ति द्वारा एक घर मे घुसकर महिला पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

आरोपी

इस घटना को देखकर महिला की सात साल की बेटी चीख पुकार सुनकर आरोपी युवक द्वारा उस पर भी जानलेवा हमला किया लेकिन वह बाल बाल बच गई। जानलेवा हमले से महिला की मौके पर मौत हो गई वही 7 साल की उसकी मासूम बच्ची को छाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है। मामला रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधान सभा क्षेत्र के वनांचल छाल थाना का है जहां दिन में उस समय खलबली मच गई जब छाल थानांतर्गत कांसाबहार गाँव में अज्ञात कारणों से माँ एवँ बेटी पर गांव के ही राजा चावले द्वारा चाकू से जानलेवा हमला किया गया। घटना के वक्त मृतक महिला और उसकी 7 वर्षीय बेटी घर मे थे। चाकू के हमले से दिलमती मंझवार पति महेश मंझवार 45 वर्ष की मौके पर मौत हो गई वही 7 साल की मंजू मंझवार भी हमले से घायल हुए है जिसका , छाल अस्पताल में ईलाज जारी है।

आरोपी युवक द्वारा चाकू के हमले से निकली चीख पुकार सुनकर जब आस पास के लोग दिलमती मझवार के घर पहुंचे तब वहां का नजारा देख सकते में आ गए वही आरोपी घटना स्थल से भाग खड़ा हुआ। ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी 112 डायल और छाल पुलिस को दिया।



घटना की जानकारी मिलते ही छाल पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई वही ग्रामीणों की मदद से 7 साल की मासूम मंजू मंझवार को छाल अस्पताल पहुंचाया। वही माँ दिलमती मंझवार की अत्यधिक खून निकल जाने से मौके पर ही मौत हो गई। वही ग्रामीणों की निशानदेही पर आरोपी राजा चावले को भागने की फिराक में खरसिया रेल्वे स्टेशन से गिफ्तार कर लिया गया। वारदात को अंजाम देने में बाद आरोपी भागने की फिराक में था। फिलहाल पुलिस महिला के शव का पंचनामा और ग्रामीणों के बयान के आधार पर मामला पंजीबद्ध कर रही है। महिला के शव का पीएम के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। वही घटना को लेकर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर

रामदास दम्पति ने दिया धर्मग्रंथ का दान

रायगढ़। नगर के स्थापित समाजसेवी व प्रकृति प्रेमी रामदास अग्रवाल दम्पति द्वारा विमल दान की इच्छा से विश्व ब्राम्हण महासंघ के जिलाध्यक्ष हरेराम तिवारी को धर्मग्रन्थों का दान किया है। अपने नाम के अनुरुप ही राम गुणगान मे रमे वरिष्ठ समाजसेवी ने उक्त दान हेतु विप्र प्रमुख श्री तिवारी को 22 अप्रैल कृष्ण पक्ष तृतीया को सादर अपने फ्रैण्ड्स कालोनी स्थित आवास पर आमंत्रित किया, तथा वेदिक रीति से स्वस्तिक वाचन कर एवं तुलसी पत्र ,गंगाजल,अक्षत लेकर रामदास अग्रवाल व उनकी अर्द्धांगिनी श्रीमती द्रोपदी देवी ने संकल्पित होकर श्रीमद्भगवद्गीता तथा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामायण धर्मग्रन्थ का दान किया। दान ग्रहण करने के उपरांत सत्पात्र ब्राम्हण द्वारा वेद परम्परा के अनुरुप रामदास दम्पति को आयुष्मान व कल्याण मंत्र का आशिर्वाद भी प्रदान किया गया। इसके उपरांत रामदास दम्पति द्वारा आमंत्रित विप्रजन पं. हरेराम तिवारी का आदर पूर्वक सत्कार कर दक्षिणा के साथ संतुष्ट कर विदा किया गया। शास्त्रों मे इस प्रकार के धर्मग्रन्थों के दान को विमल दान कहा गया है जिसे देवों की प्रसन्नता हेतु सुपात्र ब्राम्हण को दान किया जाता है। उल्लेखनीय है कि यथा नाम~ तथा गुण~ % को चरितार्थ करता समाजसेवी रामदास अग्रवाल द्वारा सनातन धर्म के प्रचार हेतु विराट रामकथा आयोजन से लेकर प्रकृति की सुंदरता के लिये रामदास - द्रोपदी फाउंडेशन के माध्यम से शहर मे लाखों पौधों के रोपण का श्रेय हासिल है। समाज के हर वर्ग की हर विधा से सहायता व सेवा करने को तत्पर रामदास अग्रवाल के पुण्य व उदार कर्मों का प्रताप यह है कि उनके तीनों सुपुत्रों की पहचान अपने पिता के नाम के साथ व्यवसाय से लेकर राजनीति और समाजसेवा से लेकर शिक्षा तथा पर्यावरण तक हर क्षेत्र मे स्थापित हो रही रही है।

नियमों की धज्जियां उड़ा रहे आटो चालक नहीं हो रही है कार्रवाई

रायगढ़। शहर में सैकड़ो आटो वाहने चल रही है। इसमें से कई ऐसे भी आटो चालक हैं। जिनके पास परमिट नहीं है। इसके बाद भी सड़को में आटो वाहन धड़ल्ले से दौड़ा रहे हैं। शहर के आटो चालक यातायात नियमों की धियां उड़ाने में भी पीछे नहीं हैं। कभी भी कहीं भी आटो वाहनों को खड़ी कर दिया जाता है। इससे उस मार्ग की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो जाती है। शहर के भीतर वाहनों की रतार निर्धारित हैं, लेकिन आटो चालक उन नियमों का कभी भी पालन नहीं करते हैं। मुय मार्गो पर निर्धारित गति से तेज रतार में आटो वाहन चलाते हैं और ट्रेफिक के जवाव सिर्फ देखने के अलावा कुछ नहीं कर पाते। पूर्व में यातायात पुलिस ने बेपरवाह आटो चालको पर कार्रवाई करने की बात कही थी, लेकिन अपने ही दावों में पुलिस के अधिकारी कायम नहीं रह पा रहे हैं और यही कारण है कि आटो चालको पर पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। यही नहीं आटो चालक अपनी वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठा लेते हैं। इसके बाद हर यात्री को परेशानी का सामाना करना पड़ता है। यही नहीं कई आटो चालक स्कूली बाों को भी भेड़-बकरियों की तरह ठूंस लेते हैं। चालक की सीट के बगल में भी बाो को बैठा लिया जाता है। इससे दुर्घटना की संभावना हमेशा बने रहती है।

गंधरी पुलिया हो रहा जाम

मालधक्का रोड पर अंडर ग्राउण्ड पुल है, जिसे गंधरी पुल के नाम से पहचाना जाता है। यहां हर दिन आटो वाहनों की रेलमपेल के कारण जाम में लोग फंस रहे हैं। आटो चालक शॉटकट के चक्कर में यहां से आना जाना करते हैं, लेकिन इससे दोनों ओर पुल में जाम की स्थिति बन जाती है। इसमें सबसे अधिक परेशानी महिला व बाों की होती है, जो पुल के भीतर जाम में फंस जाते हैं और इसकी जानकारी पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी है, लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

नाबालिग भी चला रहे आटो

रूपए कमाने की फिराक में नाबालिग भी अब आटो चलाने लगे हैं। रेलवे स्टेशन व बस स्टेण्ड में कई ऐसे आटो चालको को देखा जा सकता है। जिनकी उम्र सोलह साल से नीचे हैं। वे भी निर्धारित गति से तेज रतार में वाहन चलाते हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री श्यामता श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि से कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480